हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 9 .0 डिग्री

11 हांसी की सड़को को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए फील्ड में उतरे एसडीएम



12 जुनून और प्रतिस्पर्धा का संगम ऑवर्स टैलेंट सर्च एग्जाम



## खबर संक्षेप

### श्रम कानून लागू किए जाने का किया स्वागत

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ की एक बैठक में केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा चार श्रम संहिताओं को लागू किए जाने का स्वागत किया गया। हरियाणा बिजली बोर्ड कर्मचारी परिषद महामंत्री एवं विभाग प्रमुख हिसार सुनील ढिल्लों ने बताया कि उपरोक्त श्रम कानूनों को लागू करने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ पिछले कई सालों से संघर्ष कर रहा था। आखिरकार भारतीय मजदूर संघ की मेहनत रंग लाई।

### नए श्रम कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन आज

**हिसार।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा और सभी ट्रेडों यूनियनों के आह्वान पर नए श्रम कानूनों और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला मुख्यालयों पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित सभी विभागों के सैकड़ो कर्मचारी शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी, जिला सचिव ओमप्रकाश माल, वित्त सचिव पवन कुमार, वरिष्ठ उप प्रधान बिशन सिंह व सहसचिव विनोद प्रभाकर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की भाजपा सरकार लगातार जनविरोधी व कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही हैं।

### बाइपोर्टल एंडोस्कोपी से बिना चीरा लगे सर्जरी संभव

**हिसार।** बाइपोर्टल एंडोस्कोपी व जापानी तकनीक आज दुनिया की सबसे सुरक्षित और पेशेंट फ्रेंडली स्पाइन तकनीकों में मानी जाती है क्योंकि इसमें बहुत कम ब्लीडिंग होती है। मरीज को लगभग दर्द नहीं होता और लगभग 45 मिनट में सर्जरी पूरी हो जाती है, कई मरीज उसी दिन घर जा सकते हैं। यह जानकारी ऑर्थोमेड अस्पताल के स्पाइन सर्जन डॉ. समीर नागपाल ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में दी।

### लुवास में प्रमोद सहायक कुलसचिव पद पर पदोन्नत

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में प्रमोद कुमार को सहायक कुलसचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है। प्रमोद कुमार वर्तमान में विश्वविद्यालय में प्रशासनिक-सह-लेखा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पदोन्नति आदेश पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा की स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर कुलपति ने प्रमोद कुमार को शुभकामनाएं दी। साथ ही लुवास गैर-शिक्षक संघ के प्रधान दयानंद सोनी ने यूनियन की ओर से कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा तथा कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका का इस पदोन्नति के लिए आभार व्यक्त किया।

---

### पुलिस ने आठ मरला कॉलोनी के छात्र की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू की

# ऑनलाइन ट्रेडिंग क्रिप्टो मार्केट में निवेश करवाकर छात्र से 47.70 लाख रुपये ठगे

### वॉट्सऐप मैसेज भेजकर लड़की ने विश्वास में लेकर पीड़ित से उसके भाई के पैसे भी निवेश में लगवाए

- पुलिस को दी शिकायत में छात्र ने बताया कि कैंप चौक पर उनकी मिठाई की दुकान है
- क्रिप्टो मार्केट से पैसे कमाने का दिया लालच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ऑनलाइन ट्रेडिंग क्रिप्टो मार्केट में निवेश करवाकर एक छात्र से 47.70 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। फिलहाल साइबर थाना पुलिस ने आठ मरला कॉलोनी निवासी छात्र की शिकायत पर अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में छात्र ने बताया कि कैंप चौक पर उनकी मिठाई की दुकान है। गत 28 अगस्त को उसके मोबाइल पर एक वॉट्सऐप मैसेज आया। लड़की ने अपना नाम इसानवी शर्मा बताया और कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग क्रिप्टो मार्केट में काम करने से अच्छा मुनाफा होगा। इस पर बदले में उसने पासपोर्ट की फोटो और दिल्ली मालवीय नगर की लोकेशन वॉट्सऐप कर दी। इस कारण उस पर विश्वास करके पैसे लगा दिए। शुरू में तो पैसे लगाकर मुनाफा भी कमाया मगर धीरे-धीरे विश्वास इतना जमा लिया कि उसके कहे अनुसार दूसरी जगह पर निवेश कर दिए, इतना ही नहीं भाई के पैसे भी लगा दिए।



आदमपुर। पुलिस गिरफ्त में चिट्टा समेत गिरफ्तार आरोपी।

#### कुकियन एप पर बनाई आईडी

छात्र ने पुलिस को बताया कि उसने शुरुआत में इसानवी शर्मा के कहने पर कुकियन एप पर आईडी बनाई। मैंने अपनी इस आईडी से 3 लाख 89 हजार रुपये के 4 हजार 992 यूएसडीटी खरीदे। इस एप से मेरे साथ कोई फ्रॉड या नुकसान नहीं हुआ। इस एप पर लगाए हुए पैसे मैं आसानी से खुद निकाल सकता था। इसके बाद इसानवी शर्मा ने मेरे पास डेक्स ट्रेडिंग एप का लिंक वॉट्सऐप पर भेजते हुए आईडी बनाकर निवेश करने को कहा। इस एप पर भी अच्छा लाभ कमाने का मुझे प्रलोभन दिया। मैंने आईडी बनाकर इस एप कुकियन एप में निवेश किए हुए 4 हजार 992 यूएसडीटी भेज दिए। इसके अतिरिक्त मैंने बाइनरी ट्रेड निवेश करने लगा। मेरी आईडी पर मेरे खाता में लाभ दिखाने लगा।

#### विश्वास बढ़ने पर यूएसडीटी खरीदने किए शुरू

विश्वास बढ़ने के बाद मैंने डेक्स ट्रेडिंग एप में उपस्थित ऑनलाइन कस्टमर सर्विसेज के माध्यम से अलग-अलग समय पर यूएसडीटी खरीदने शुरू कर दिए। जब मुझे यूएसडीटी खरीदने होते तो उक्त एप्लीकेशन पर मुझसे पूछा जाता था कि आप किस माध्यम (यूपीआई या आईएमपीएस) से यूएसडीटी खरीदना चाहोगे। तब उनको बताता कि मैं यूपीआई से पेमेंट करना चाहता हूं। इसके बाद वे मेरी आईडी पर यूपीआई आईडी भेज देते फिर मैं उनके द्वारा बताई यूपीआई आईडी में अपने खाते से डेक्स ट्रेडिंग एप पर यूएसडीटी खरीदने बारे निरंतर निवेश कर देता।

#### खुद व भाई के खाते से 25 लाख लगाए

शिकायतकर्ता ने बताया कि मैंने एप पर अपने बैंक खाते और मेरे भाई दीपक के बैंक खाते से लगभग 25 लाख रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद मेरी आईडी पर लाभ सहित 81 हजार 797 यूएसडीटी दिखाने लगा। मैं लाभ से प्राप्त अपने रुपये निकालने लगा तो उक्त मेरे रुपये डेक्स ट्रेडिंग एप से नहीं निकले। इस बारे मैंने डेक्स ट्रेडिंग एप पर चैट करके अपने रुपये निकालने बारे पूछा तो उन्होंने मुझे लाभ राशि का 30 फीसद टैक्स जमा कराने को कहा। मैंने उनके कहे अनुसार मेरे बैंक खाता से 3 ट्रांजैक्शन में लाभ राशि का 30 प्रतिशत ( 24.60 लाख रुपये) जमा करा दिए। शिकायतकर्ता के अनुसार आईडी पर टैक्स प्राप्त होने बारे प्रमाण पत्र मेरी ट्रेडिंग आईडी पर प्राप्त हुआ और मुझे 24 घंटे के अंदर लाभ राशि मेरे खाते में जमा होने का आश्वासन दिया। इसके बाद भी जब मेरे रुपये डेक्स ट्रेडिंग एप से नहीं निकले तो मैंने फिर से बात की तो उन्होंने मुझसे राशि एक्सचेंज फीस के नाम पर 5 प्रतिशत रुपये जमा कराने की मांग की। इसके बाद मुझे संदेह हुआ कि इन्होंने मेरे साथ डेक्स ट्रेडिंग एप पर निवेश कराने के नाम पर 47 लाख 52 हजार 500 रुपए की साइबर ठगी की है।

## दड़ौली रोड से दो व्यक्ति काबू 21.06 ग्राम हेरोइन बरामद

**आदमपुर।** नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस की नशा निरोधक टीम ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। टीम ने गश्त के दौरान मिली पुख्ता सूचना के आधार पर दड़ौली रोड, आदमपुर से दो व्यक्तियों को काबू कर कुल 21.06 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपियों की पहचान फतेहाबाद की ढाणी खुर्द निवासी चिमन तथा राजस्थान के चुरू के हशियावास निवासी महावीर के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान पुलिस टीम दोनों आरोपियों के सप्लाई सोर्स और नेटवर्क के बारे में भी जानकारी जुटा रही है, ताकि नशा तस्करी की इस श्रृंखला में जुड़े अन्य व्यक्तियों तक भी पहुंच बनाई जा सके। अभियोग में आगे की कार्रवाई जारी है।

#### नशा तस्कर पकड़े

टीम प्रभारी उप-निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि टीम को गश्त दौरान सूचना मिली की दड़ौली रोड, आदमपुर से दो व्यक्तियों हेरोइन तस्करी कर रहे है। टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई तलाशी में आरोपी चिमन से 6.46 ग्राम और महावीर से 14.60 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर दोनों के खिलाफ थाना आदमपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया।

---

### व्यापारियों को भी हो रहा नुकसान

## मंडी रोड पर दिनभर लगा रहता है जाम, लोग होते है परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मंडी रोड पर दिनभर जाम की स्थिति रहने के कारण लोगों को यहां से आवागमन करने में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा रहा है। दिनभर जाम लगा रहने के कारण दुकानदारों के कामकाज पर भी असर पड़ना लगा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देते हुए जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार परिजात चौक से बालसमंद की तरफ जाने वाले मंडी रोड पर लंबे समय से लोगों को जाम से दो चार होना पड़ा रहा है। मंडी रोड पर कई बड़े सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान है। इसके चलते यह रोड दिनभर व्यस्त रहता है। इसके अलावा बाससमंद की तरफ जाने वाले वाहन भी यहां से आवागमन करते हैं। साथ ही शहर की सबसे बड़ी लोहा मंडी, काठ मंडी समेत कई व्यावसायिक मार्केट इस रोड पर है। इसके कारण मंडी रोड पर पूरा दिन वाहनों की लाइन नहीं टूटती।



हिसार। मंडी रोड पर लगा लंबा जाम।

#### कई बार कर चुके शिकायत

मंडी रोड के दुकानदारों का कहना है कि दिनभर इस रोड पर ट्रैफिक जाम के चलते उनके कामकाज पर भी असर पड़ना लगा है। कई बार प्रशासनिक व निगम अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन उन्होंने इस दौर कोई ध्यान नहीं दिया। दुकानदारों ने पुलिस व प्रशासन से मांग की कि मंडी रोड पर ट्रैफिक जाम से छुटकारा दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाए।

### पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू

## 12 क्वार्टर निवासियों का संघर्ष आखिर रंग लाया

**हिसार।** जवाब दो हिसाब दो एवं 12 क्वार्टर निवासियों का संघर्ष आखिर रंग ले ही आया। पिछले 8 महीनों से टूटे हुए रोड को बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले 8 महीनों से इस सड़क के टुकड़े को तोड़कर छोड़ दिया गया था। मोहल्ला वासियों ने अनेक बार इसकी शिकायत पार्षद, मेयर एवं निगम के सामने रखी, लेकिन आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं मिला। पिछले सप्ताह भी क्षेत्रवासियों ने निगम अधिकारियों को जगाने के लिए ढोल बजाकर प्रदर्शन किया था। उस दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पाइप लाइन डालने के साथ की शुरू कराने का आश्वासन दिया था।



हिसार। सड़क निर्माण से पहले पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू।

---

### ढाणी कुम्हारान में मनाया शहीद उद्यम सिंह का शहीदी दिवस

## शहीद ऊधम सिंह के नाम पर ढाणी कुम्हारान में एक लाइब्रेरी बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहीद ऊधम सिंह आर्मी ट्रस्ट ढाणी कुम्हारान के तत्वाधान में शहीद ऊधम सिंह जयंती दिवस श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। महंत सागरनाथ के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट प्रधान मास्टर जयभगवान सिंह कुम्हारान ने की जबकि आप जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोरखी व समाजसेवी कश्मीरी लाल ग्रोवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर शहीद ऊधम सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए महंत सागरनाथ ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को शहीद ऊधम सिंह को अपना प्रेरणास्त्रोत मानकर राष्ट्रहित में कार्य करने चाहिए। उन्होंने सरपंच व ग्राम पंचायत से शहीद ऊधम सिंह के नाम पर गांव में एक लाइब्रेरी बनाने की मांग की। इस अवसर पर 40 से 60 वर्ष तक की आयु की महिलाओं और पुरूषों ने भी दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम व दौड़ प्रतिभागी विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं जरूरतमंद महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन मास्टर विजेन्द्र सिंह जीतपुरा ने किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दुन्नीचंद, बीडीसी चेयरमैन प्रतिनिधी दयानंद यादव, लीलूराम फौजी, दीपचंद, बसावा राम कम्बोज, मास्टर विनोद जीतपुरा, उमेश कुमार खारड़िया, हमेश खुराणा, सरपंच ढ़ंढेरी सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।



हांसी। मुख्यातिथि केएल ग्रोवर व अन्य को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### गदर योद्धाओं की याद में कार्यक्रम, मेधावी छात्रों का सम्मान

**उकलाना।** बिठमड़ा गांव के शहीद भगत सिंह पुस्तकालय में गदर पार्टी के नायक करतार सिंह सराभा समेत 7 गदरियों के 110वें शहादत दिवस तथा पुस्तकालय के 14वें स्थापना दिवस पर भव्य सांस्कृतिक व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समिति द्वारा हाल ही में कराए गए सीईटी लेवल प्रतियोगिता में शामिल 232 विद्यार्थियों में से मेधावी विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विशिष्ट समाजसेवी मास्टर रामपाल शर्मा ने बच्चों को शिक्षा के साथ देशभक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर सिंह एडवोकेट ने की। प्रतियोगिता में तमन्ना और अभिषेक प्रथम, बसकर द्वितीय एवं अंशु तृतीय स्थान पर रहे। 20 अन्य प्रतिभावान बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

### जिला मुख्यालय पर तीन दिवसयी गीता जयंती समारोह 29 से

## गीता जयंती हरियाणा प्रदेश के गौरव का पर्व

- समारोह में विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने बताया कि गीता जयंती हरियाणा प्रदेश के गौरव का पर्व है इसलिए इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करें।

उन्होंने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते बताया कि जिला मुख्यालय पर 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सयुंक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें गीता जयंती महोत्सव, गीता सेमिनार, गीता हवन और पाठ, स्कूली बच्चों की पेंटिंग तथा अन्य प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नगर शोभा यात्रा सहित अनेक कार्यक्रम समारोह की शोभा को बढाएंगे।

बैठक में एसडीएम ज्योति मित्तल ने बताया कि सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई जाने वाली प्रदर्शनी में पवित्र ग्रंथ गीता और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ साथ विभिन्न विभागों द्वारा भी स्टालें भी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर सीटीएम हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, डीआईओ दीपक भारद्वाज, आयुष विभाग से डॉ धर्मपाल पूनिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठनों व स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

---

## गुजवि के चार बीटेक स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के चार अंतिम वर्ष के बीटेक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित किए गए ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान इंस्टेंट प्रोक्योरमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में प्लेसमेंट मिली है।

चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह कामयाबी गौरवपूर्ण है।

प्लेसमेंट सेल की डायरेक्टर डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग और पैकेजिंग प्रोग्राम के कुल 44 विद्यार्थियों ने पूरे सिलेक्शन प्रोसेस में हिस्सा लिया, जिसमें प्री-प्लेसमेंट टॉक के बाद पर्सनल इंटरव्यू शामिल थे। डॉ. आदित्य वीर सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर (प्लेसमेंट) ने बताया कि चुने गए स्टूडेंट्स बीटेक. प्रिंटिंग से निकिता, प्रतिभा और सोनम और बीटेक पैकेजिंग से अभिषेक सिंह हैं।



हिसार। एचआर अधिकारियों को सम्मानित करते गुजवि की ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सेल के अधिकारी।

---

कार्यक्रम

### हकृवि में स्पार्क के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

## बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण इसके औषधीय गुणों पर प्रभावों पर शोध जरूरी

सात राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थी ले रहें हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्पार्क के अंतर्गत 'मोरिंगा की वृद्धि, बीज गुणवत्ता, एंटीऑक्सीडेंट और टैनिन गुणों पर पर्यावरणीय प्रभावों की समझ' पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि जबकि 'स्पार्क' के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. रबीब्रत मुखर्जी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। 14 दिवसीय इस कार्यशाला में सात राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थी भाग ले रहें है।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि तापमान आर्द्रता वर्षा और मिट्टी के प्रकार जैसे पर्यावरणीय कारक मोरिंगा की वृद्धि दर, फूलन, फलन और बीज गुणवत्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। मोरिंगा के गुणों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण इसके औषधीय गुणों पर पड़ने वाले प्रभावों पर शोध अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य में मोरिंगा जैसे पौधों का अध्ययन भविष्य की टिकाऊ कृषि पोषण सुरक्षा और प्राकृतिक स्वास्थ्य उत्पादन उद्योगों के लिए अत्यंत आवश्यक है। कुलपति ने कार्यशाला से संबंधित पुस्तक का भी विमोचन किया।




हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज पुस्तिका का विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### एंटीऑक्सीडेंट प्रोपर्टीज पर पड़ने वाले प्रभाव पर होगी रिसर्च : डॉ. मुखर्जी

डॉ. रबीब्रत मुखर्जी ने बताया कि जलवायु परिवर्तन एवं मौसम में हो रहे बदलाव के कारण मोरिंगा के बीज तथा पत्तियों में टैनिन और एंटीऑक्सीडेंट प्रोपर्टीज पर पड़ने वाले प्रभाव पर रिसर्च किया जाएगा। इसी कड़ी में हकृवि में भी मोरिंगा फसल पर विभिन्न प्रकार के शोध कार्य जारी हैं। उन्होंने मोरिंगा प्रोजेक्ट को लेकर स्पार्क द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कार्यशाला में सभी का स्वागत किया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने कार्यशाला में सभी का धन्यवाद किया। जैव रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ जयंती टोक्स ने बताया कि इस कार्यशाला में हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style

# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम' के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला

# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।




# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं



**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।

***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।


***जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

## 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेतोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला, जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल जोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*__मुंबई।__ हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** : *धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** : *धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** : *ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** : *फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** : *मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** : *'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावित बच्चों को स्वेटर व जूते बांटे

**हिसार।** 'हमारा प्यार–हिसार' एवं वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न्स क्लब ने संयुक्त रूप से गांव सिंघवा राघो और घिराय के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बाढ़ प्रभावित एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को स्वेटर और जूते वितरित किए। इस अवसर पर हांसी के एसडीएम राजेश कोथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### संघ ने रैंकिंग मिलने पर जताई प्रसन्नता

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ ने विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी-एशिया रैंकिंग-2026 में एशिया में 1001-1100वीं रैंकिंग मिलने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह सब कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के मार्गदर्शन में यहां के शिक्षकों व गैर शिक्षकों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के परिणामस्वरूप हुआ है। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान चरणदास अठवाल ने कहा कि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के नेतृत्व में विश्वविद्यालय लगातार उत्कृष्टता हासिल कर करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत बना रहा है।

### बेसहारा बच्चों के लिए भेंट किया जरूरत का सामान

**हिसार।** मां तुलसी ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित बागबान बाल एवं वृद्ध आश्रम बरवाला में बेसहारा बच्चों के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध कराया गया है। यह सामान भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय ने अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए दिया गया। बैंक के रीजनल मैनेजर अभिनय कुमार पाठक के दिशा-निर्देश पर आश्रम में बच्चों के लिए 16 बेड, गद्दे, चादर के अलावा उनके मनोरंज व खेल की चीजें भी उपलब्ध करवाई गई।

### पॉलिटेक्निक में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) सेल द्वारा सर्वेश हेल्थ सिटी के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आशीष बागड़ी, सर्विस मैनेजर, इंटिग्रा लाइफसाइंस (यूएसए) तथा प्राचार्य राजीव शर्मा ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रथम पंजीकरण कर शिविर की शुरुआत की और समाज में इस प्रकार के शिविरों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

## उपमंडल प्रशासन ने दिखाया सख्त रुख, तीन ट्रॉली सामान किया जब्त

# हांसी की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए फील्ड में उतरे एसडीएम

**पूर्व में कई बार चेतावनी देने के बावजूद निर्देशों की उल्लंघना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई**





अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान फूटपाथ पर रखकर कपड़े बेचने वालों से हाथ जोड़कर कर अतिक्रमण हटाने की विनती करते एसडीएम राजेश खोथ व अभियान के दौरान कब्जे में लिए गए सामान को ट्रैक्टर ट्राली में डालकर ले जाते नप कर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए उपमंडल प्रशासन ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। एसडीएम राजेश खोथ ने नगर परिषद कर्मचारियों के साथ स्वयं फील्ड में उतर कर शहर के जींद चौक से अभियान की शुरुआत करते हुए शहर की कई सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान पूर्व में कई बार चेतावनी देने के बावजूद निर्देशों की उल्लंघना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में तीन ट्रॉली सामान जब्त किया गया। एसडीएम ने दुकानदारों से हाथों जोड़कर अतिक्रमण नहीं करने की अपील भी की।

### लगातार जारी रहेगा अभियान : एसडीएम

एसडीएम ने कहा कि शहर की सड़कों पर अवैध रूप से फैलाया गया सामान न केवल यातायात बाधित करता है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ाता है। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि आज के बाद दोबारा अतिक्रमण किया गया तो फिर से सामान जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और प्रशासन किसी भी स्थिति में शहर की सड़कों पर अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि शहर की मुख्य सड़कों पर सुचारू यातायात व पैदल चलने वालों की सुविधा उपलब्ध करवाना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसलिए सभी दुकानदार सहयोग करें और अपनी दुकान की सीमा के बाहर सामान न फैलाएं। प्रशासन का यह प्रयास शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और जाम मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## निगम ने ऑटो मार्केट व साउथ बाइपास से हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम की तहबाजारी टीम लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में निगम टीम ने मंगलवार को साउथ बाइपास तथा ऑटो मार्केट से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को अभियान की शुरुआत राजगढ़ रोड स्थित एचएयू गेट नंबर 4 के सामने डिफेंस कॉलोनी पार्क के पास से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद टीम ने साउथ बाइपास से तोशाम चौक तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाया। टीम ने ऋषि नगर रोड और तालाकी गेट क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

### दुकानदारों से खुद हटाया अतिक्रमण

इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा के अनुसार, निर्धारित समय के अनुसार टीम ने ऑटो मार्केट में अभियान शुरू किया, जहां कई स्थानों पर सड़क और पार्किंग स्थल पर किए गए अतिक्रमण हटाए गए।



हिसार। रक्तदान शिविर के मौके पर उपस्थित अतिथिगण, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी।

## भाविप व ओएसजीयू ने मिलकर लगाया रक्तदान शिविर

- शिविर में सर्वेश हेल्थ सिटी का रहा विशेष सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा हिसार के सौजन्य से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय के सानिध्य में स्व. विद्या गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर विश्विद्यालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में एकत्रित हुआ रक्त सर्वेश ब्लड बैंक में दिया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने शिविर के लिए भारत विकास परिषद् (शाखा हिसार) और सर्वेश हॉस्पिटल के पूरे अधिकारियों को संबोधित किया। डॉ. गोयल ने स्वयं रक्तदान करके शिविर का आगाज किया।

इसी के साथ रक्तदान करने आए लोगो को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान उन लोगों के लिए उपयोगी होगा जिन्हें वास्तव में रक्त की आवश्यकता है। इस अवसर पर सर्वेश हेल्थ सिटी के न्यूरोसर्जन एवं चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा, राहुल मित्तल, एडवोकेट राजेश जैन, अमर गोयल, नरेश बंसल, मनीराम बंसल, एडवोकेट विजय टक्कर, रेणू मंगला, डॉ राजकुमार आहूजा, डॉ अनुराग कौर और डॉ. प्रिंस आदि मौजूद रहे।

### ट्रेक्टर की रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाना किसान विरोधी: दलबीर किरमारा

**हिसार।** वरिष्ठ इनेलो नेता एवं प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा ट्रेक्टर के रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण की फीस 10 गुणा बढ़ाए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे पूरी तरह से किसान विरोधी फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार किसान विरोधी फैसले कर रही है जिनका विरोध करने में केवल इनेलो ही सक्षम है। दलबीर किरमारा ने कहा कि हाल ही में प्रदेश की भाजपा सरकार ने ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण की फीस 10 गुणा बढ़ा दी है। पहले ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण फीस 1080 रूपये लगती था लेकिन अब इसे 10 गुणा बढ़ाकर 10 हजार 485 रूपये कर दिया गया है। जो काम पहले लगभग 1100 रुपये में चल जाता था उसे अब 10 हजार से अधिक करके किसान वर्ग पर एकदम बोझ डाल दिया गया है, जो निंदनीय है।

## डीपीएस के टेबल टेनिस खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय चैंपियनशिप के लिए चयन

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित हिसार जिला टेबल टेनिस चैम्पियनशिप तथा हरियाणा टेबल टेनिस रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक जीते और अपने उत्कृष्ट खेल से विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कक्षा 5 की सावन्या ने अंडर-11 में स्वर्ण पदक, कक्षा 4 की आश्वी गुप्ता ने अंडर-11 में रजत, कक्षा 5 की प्रकृति ने अंडर-11 में कांस्य, कक्षा 8 के आहिल ने अंडर- 13 में रजत और अंडर- 15 में कांस्य, कक्षा 8 के आज्नेय ने अंडर-13 में रजत तथा अंडर-15 में कांस्य, कक्षा 7 के प्रणव ने अंडर-13 व अंडर-15 में स्वर्ण पदक तथा अंडर-17 में कांस्य पदक और कक्षा 2 के द्विज ने अंडर-11 में रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के टीटी कोच दीपक पसरीजा ने भी पुरुष वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।



हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी प्रधानचार्या मंजु सुधाकर के साथ।

# सरस्वती हाई स्कूल में गुरु तेग बहादुर को किया याद



उकलाना। गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि देते स्कूल चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना


सरस्वती हाई स्कूल में हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु ग्रंथ साहिब में अंकित गुरु जी की वाणी के पाठ से हुआ, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और आध्यात्मिकता से भर उठा। कक्षा दसवीं की छात्रा कुसुम ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और बलिदान पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी, वहीं छात्रा परनीत ने शबद गायन के साथ उसके अर्थ समझाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। स्कूल चेयरमैन डॉ. के. सी. शर्मा और प्रिंसिपल पूनम धीमान ने गुरु जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजन

**हिसार।** गुरुद्वारा साहिब गोबिंद नगर, डाबड़ा चौक में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया गया। गत 23 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ हुआ। सोमवार को मध्य भोग के उपरांत 25 नवंबर को श्री अखंठ पाठ साहिब का भोग हुआ। गुरुद्वारा समिति के जत्थेदार सरदार सुखसागर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर गुरुद्वारा में कीर्तन समागन का आयोजन किया गया जिसमें गुरु घर के कथा वाचक ज्ञानी मंगप्रीत सिंह पूर्व प्रभारी सिख मिशन हरियाणा एसजीपीसी अमृतसर ने गुरु महाराज की महिमा का गुणगान किया।

### बाबा बंदा बहादुर स्कूल में गुरु तेग बहादुर को दी श्रद्धांजलि

**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस बड़े ही सम्मान व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर ग्यारहवीं कक्षा के छात्र प्रिंस ने गुरु तेग बहादुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए कार्य किया। उन्होंने औरंगजेब से हिन्दू धर्म को बचाने के लिए स्वयं को कुर्बान कर दिया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने मूल मंत्र का पाठ व शब्द गायन कर गुरु तेग बहादुर जी की महिमा का गुणगान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान हमें सिखाता है कि जीवन में कितनी भी कठिनाईया हो हमें हमेशा धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए।



हांसी। गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर मूल मंत्र का पाठ व शब्द गायन करते विद्यार्थी।

## शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान

**आदमपुर।** आदमपुर कॉलेज रोड पर शहीद भगत सिंह युवा मंडल व जांगिड़ सुथार शिक्षा एवं कल्याण समिति हिसार के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाराजा अग्रसेन मेडिकल कालेज अग्रोहा से आई ब्लड बैंक टीम ने डॉ. रिचा नैन के नेतृत्व में 65 यूनिट रक्त संग्रहण किया। शिविर में अनेक महिलाओं ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर जांगिड़ सुथार शिक्षा समिति के प्रधान प्रताप सिंह जांगड़ा, सचिव ब्रह्मप्रकाश जांगड़ा, कोषाध्यक्ष अमीलाल जांगड़ा, जिला प्रधान जांगिड़ सभा उदय सिंह जांगड़ा, जांगिड़ सभा हिसार के पूर्व प्रधान राम तीरथ सुथार व लोक निर्माण एनजीओ के अध्यक्ष विनोद राठौड़ आदि रहे।

### आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शेरगढ़ फन पार्क का भ्रमण

**हांसी।** आरपीएस स्कूल के पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मनोरंजन और शैक्षणिक भ्रमण के लिए शेरगढ़ फन पार्क ले जाया गया। विद्यालय की बसें सुबह बच्चों को लेकर उत्साहपूर्वक शेरगढ़ फन पार्क पहुंचीं। जहां पार्क के रंगीन और जीवंत वातावरण ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार की राइड्स (झूलों), गेम्स, हॉरर हंट, कैमल राइड और जिप लाइनिंग का आनंद लिया। स्कूल प्रधानाचार्या एकता सचदेवा ने बताया कि इस प्रकार की शैक्षिक यात्राएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। फन पार्क का यह दौरा छात्रों को एक आवश्यक ब्रेक देने और उन्हें एक खुशनुमा माहौल में सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया था।



हांसी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शेरगढ़ फन पार्क में मौजूद आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी व अध्यापिकाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल की छात्रा ने कराटे चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल की छात्रा पूजा डाबला ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय सीबीएसई कराटे चैम्पियनशिप में स्कूल की शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर स्वर्ण पदक हासिल कर अपने विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की सातवीं कक्षा के निशांत, देव कुमार (10वीं) एवं हेमंत (7वीं) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। सभी पदक विजेता विद्यार्थियों का विद्यालय पहुंचने पर



हांसी। सीबीएसई कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता पूजा डाबला कोच अजय सैनी के साथ।

भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि पूजा डाबला द्वारा सीबीएसई चैंपियनशीप में स्वर्ण पदक हासिल करने उसका जनवरी के प्रथम सप्ताह में पूणे (महाराष्ट्र) में होने वाली एसजीएफआई नेशनल कराटे चैम्पियनशिप के लिए हुआ है और यह स्कूल के लिए गौरव का बड़ा अवसर है।

विद्यालय अध्यक्ष राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव, स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार, मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने पूजा डाबला और उसके कोच अजय सैनी को बधाई देते हुए कहा कि हमारी बेटी ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### क्लेम की राशि बढ़ाने का दबाब बनाने के लिए सर्वेयर पर हमला

**हिसार।** दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के क्लेम को लेकर मंगलवार को कुछ लोगों ने एक सर्वेयर पर हमला करके घायल कर दिया। घायल सर्वेयर को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल सर्वेयर मिल गेट के विनोद नगर के रहने वाले प्रवीन सैनी ने बताया कि उसने कुछ माह पहले रमेश नामक व्यक्ति की गाड़ी का सर्वे किया था। सर्वे में उसे गाड़ी के नुकसान के अनुसार इंश्योरेंस कंपनी ने लगभग 88000 का क्लेम जारी कर दिया लेकिन वह उस पर ज्यादा क्लेम बढ़ाने का दवाब बना रहा था। मंगलवार को सर्वेयर पर किया गया हमला।

## महिला अधिकारों एवं सुरक्षा को लेकर कॉलेज छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस द्वारा लगातार महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने एसडी महिला महाविद्यालय की छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ को गुड टच–बैड टच, महिला अधिकारों, कानूनी प्रावधानों एवं सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान इंस्पेक्टर सरोज ने छात्राओं को वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार सही और गलत स्पर्श की पहचान की जाए और ऐसी स्थिति में तुरंत क्या कदम उठाने चाहिए।



हांसी। महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करती थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज।

**प्रतिस्पर्धा** | पूरे प्रदेश से 600 से अधिक विद्यार्थियों ने दिया एग्जाम

# जुनून और प्रतिस्पर्धा का संगम ऑवर्स टैलेंट सर्च एग्जाम

- जल्द घोषित किए जाएंगे परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ऑवर्स एकेडमी द्वारा आयोजित ऑवर्स टैलेंट सर्च एग्जाम में इस वर्ष पूरे हरियाणा के विभिन्न जिलों से सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता, तार्किक सोच और प्रतिस्पर्धात्मक ज्ञान को परखना था। एग्जाम में 8वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपने प्रतिभा का



हिसार। एग्जाम के दौरान विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग देते हुए ऑवर्स के डायरेक्टर इंजीनियर सुरेन्द्र पूनियां

शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में जोश और आत्मविश्वास देखने लायक था। ऑवर्स एकेडमी के डायरेक्टर सुरेंद्र पूनियां ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर मिले सहयोग और सहभागिता से यह स्पष्ट होता है कि अभिभावक एवं विद्यार्थी दोनों ही शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक हैं। परीक्षा के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे और टॉप रैंक लाने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्था प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बराबर मौका दिया जाएगा।

### एक बार फिर मिलेगा मौका

निदेशक ने कहा कि आने वाले 21 दिसम्बर को इस एग्जाम का दूसरा चरण लिया जाएगा। जो विद्यार्थी किसी कारणवंश पहले एग्जाम में हिस्सा नहीं ले पाएं वो अगले एग्जाम को देकर अपना कैरियर बना सकते है। इसलिए सभी माता-पिता और विद्यार्थियों से अपील है कि वे इस सुनहरे अवसर को न गंवाएं और समय पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं।

### लव विर्क, करम ब्रार के सहयोग से आया गाना 'ग्लॉक टॉक'

**हिसार।** रैस ने लव विर्क और करम ब्रार के सहयोग से अपने नए गाने 'ग्लॉक टॉक' में फिर से उत्कृष्टता पेश की है। ग्लॉक टॉक' के बोल इंदर ढींडसा ने लिखे हैं। यह उत्कृष्टता और तेवर का ऐसा समागम है, जो अपनी पहली तान से ही आपका ध्यान आकर्षित कर लेता है। लव विर्क की जमीनी और प्रभावशाली प्रस्तुति तथा करम ब्रार की तीखी मधुरता के साथ यह ट्रैक संयम और वर्चस्व की दोहरी प्रकृति पेश करता है। इसमें रैस की भूमिका केंद्रीय है, जो स्पॉटिफी और इंस्टाग्राम पर म्यूज़िकिबायरैस नाम से मशहूर हैं। वो इस गीत के निर्माता रचयिता हैं।